अतिशीघ्र

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
भूमि व भवन विभाग
(प्रशाशन शाखा)
बी- ब्लाक, विकास भवन, नई दिल्ली-०२

फा.सं.5 (81)/2012/भू.व भ./प्रशा./ 4271-76 दिनांक :- 12/06/2013

कार्यालय आदेश

कला संस्कृत एवं भाषा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के पत्र संख्यां फा. सं. 05(01)/2013-14 - क.सं.एवं भाषा/969-994 दिनांक 09-05-2013 के अनुसार दिल्ली सरकार तथा इसके अधीनस्थ स्थानीय निकायो के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के प्रति प्रेरित करने तथा हिंदी में कार्य करने में आ रही कठिनाइयों के समाधान हेतु इस कार्यालय में दिनाक 17-06-2013 को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक कला संस्कृत एवं भाषा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा |

अतः भूमि व भवन विभाग के सभी शाखा प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि नामांकित कर्मचारियों की सूची प्रशासनिक शाखा में ०२ दिनों के अंतराल में उपलब्ध करायें तथा उनकी उपस्थिति सम्मलेन कक्ष में उक्त समय एवं तिथि को सुनिश्चित करें |

<u>संलग्नक के साथ</u>

(विनय कुमार)
अतिरिक्त सचिव(भू.व भ.)

फा.सं.5 (81)/2012/भू.व भ./प्रशा./ 4271-76 दिनांक :- 12/6/2013

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाई हेतु अग्रसारित :-

१. सचिव, भूमि व भवन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार.
२. हिंदी अधिकारी, कला संस्कृत एवं भाषा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को उपरोक्त पत्र के संदर्भ में |
३. समस्त शाखा प्रभारी, भूमि व भवन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार |
४. **उप-सचिव (सामान्य शाखा),** को इस आशय के साथ प्रेषित किया जाता है कि उक्त समय एवं तिथि को **"श्यामपट्ट (Black Board), एवं चॉक (Chalk)" उपलब्ध करने का प्रबंध करें|**
५. प्रोग्रामर, भूमि व भवन विभाग.
६. रक्षक मिसिल.

विनय कुमार

(विनय कुमार)
अतिरिक्त सचिव(भू.व भ.)

स्पीड पोस्ट
अति–महत्वपूर्ण

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, सी–विंग, सातवां तल,
आई.पी.एस्टेट, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–110 002.

फा.स. 05 (01)/2013–14–क0सं0 एवं भाषा/ 969-994 दिनांक: 9/5/13

सेवा में,

प्रधान सचिव
भूमि एवं भवन विभाग
बी–ब्लाक, विकास भवन,
नई दिल्ली--02.

विषयः हिन्दी कार्यशाला के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संदर्भ में देखने का कष्ट करें । दिल्ली सरकार तथा इसके अधीनस्थ स्थानीय निकायों के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के प्रति प्रेरित करने तथा हिन्दी में कार्य करने में आ रही कठिनाईयों के समाधान के लिये भाषा विभाग दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन करता हैं जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है।

सूचित किया जाता है कि आपके कार्यालय में दिनांक 17.06.2013 को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा । आपसे अनुरोध है कि उक्त कार्यशाला के आयोजन के लिये स्थान इत्यादि की व्यवस्था करते हुये अपने समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आयोजित की जाने वाली हिन्दी कार्यशाला में भाग लेने के लिये आवश्यक निदेश देने का कष्ट करें। कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यशाला समाप्त होने के बाद हिन्दी में कार्य करने के लिए एक–एक सहायक पुस्तक/कोश तथा प्रशास्ति पत्र भी दिया जायेगा। आपके स्तर पर ब्लैक बोर्ड एंव चॉक की व्यवस्था अनिवार्य है।

स्पष्ट किया जाता है कि राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक विभाग में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना आवश्यक है क्योंकि इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को समयबद्ध रूप से प्रदान की जाती है। कार्यशाला के आयोजन के विषय में किसी प्रकार की जानकारी/मार्गदर्शन हेतु अधोहस्ताक्षरी से संपर्क किया जा सकता है।

भवदीय

(सुरेश कुमार शर्मा)
हिन्दी अधिकारी
दूरभाष संख्या : 23392355

फा.स. 05 (01)/2013–14–क0सं0 एवं भाषा/ दिनांक:

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, भूमि एवं भवन विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सुरेश कुमार शर्मा)
हिन्दी अधिकारी